दैनिक भास्कर

पुलिस की छापामारी:हाड़ौता में नकली ओसवाल साबुन का कारखाना पकड़ा; लाखों का माल और मशीनें जब्त, आरोपी रिमांड पर

जयपुर2 दिन पहले

सीकर रोड पर स्थित ग्राम ढोढसर के पास गड़लिया मोड़ पर शुक्रवार को नकली ओसवाल साबुन के 50 कार्टन से भरी जीप को जब्त करने के बाद शनिवार को पुलिस ने आरोपी जीप चालक पवन यादव को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से मजिस्ट्रेट ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर सौंप दिया।

रिमांड के दौरान पुलिस ने आरोपी से कड़ी पूछताछ की तो उसने नकली ओसवाल साबुन बनाने का मामला कबूल कर लिया। इसके अलावा नकली फैक्ट्री होने की बात भी स्वीकार की। इसके बाद गोविंदगढ़ थानाधिकारी रामकिशोर शर्मा पुलिस बल के साथ आरोपी की निशानदेही पर जयपुर रोड स्थित हाड़ौता में साबुन बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा, जहां पर फैक्ट्री में नकली साबुन के पैकेट पर लगने वाले रेपर, तैयार साबुन के पैकेट के कार्टन, साबुन पैक करने की मशीन और कच्चा माल मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के घर पर भी छापा मारा है और वहां पर भी लाखों रुपए का माल बरामद किया।

आरोपी 15 वर्ष से कर रहा था साबुन का कारोबार

डीएसपी संदीप सारस्वत ने बताया कि अभी तक की जांच में मुख्य आरोपी पवन यादव ही सामने आया है। आरोपी करीब 15 वर्ष से अपने घर पर ही लक्ष्मी सोप के नाम से साबुन के टब बनाकर बेचने का कारोबार करता था। इसी दौरान ज्यादा कमाई का लालच आने पर करीब 3 साल पहले ग्राम हाड़ौता के पास किराए पर फैक्ट्री लेकर वहां पर साबुन बनाना शुरू कर दिया। यहीं से नकली साबुन बनाकर बेचने का कार्य कर रहा था।

फैक्ट्री में यह मिला सामान

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसकी नकली साबुन बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा, तो वहां पर करीब 7 हजार साबुन के पैकिट पर लगने वाले रेपर, 125 पैक साबुन के कार्टन, साबुन पैक करने की बड़ी मशीन के साथ ही कच्चा सामान भी जब्त किया।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/jaipur/news/fake-oswal-soap-factory-in-hadouta-caught-millions-of-goods-and-machines-seized-accused-on-remand-128383473.html